टोटल लाक डाउन का आयुक्त ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोगों पर लगाया जुर्माना

भिलाई नगर। नगर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी , उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी और तरूण पाल लहरे ने शहर का भ्रमण कर टोटल लाक डाउन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम श्री प्रकाश कुमार सर्वे, तहसीलदार श्री योगेंद्र वर्मा, जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले एवं प्रीति सिंह भी काफिले में मौजूद थे ! आयुक्त ने सभी जोन के मार्केट , सब्जी बाजार, मंडी का निरीक्षण किया। आयुक्त के निर्देशानुसार एआरओ की टीम ने बिना मास्क के मार्निंग वॉक पर निकले आम नागरिक और छूट प्राप्त दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। कुल 13 लोगों से 5100 रुपए जुर्माना वसूला गया। आयुक्त श्री रघुवंशी ने जोन- 1 नेहरू नगर भेलवा तालाब, केपीएस रोड, रानी अवंती बाई कोहका चौक, डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक सुपेला, लक्ष्मी मार्केट, होजियारी मार्केट, हार्डवेयर लाइन, आकाश गंगा सब्जी मंडी , वैशाली नगर गोल मार्केट ,नेताजी सुभाष चंद्र बोस सब्जी मार्केट , लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस बस स्टैंड , खुर्सीपार सुभाष मार्केट, खुर्सीपार होते हुए बीएसपी क्षेत्र के सिविक सेंटर , सेक्टर 10 मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों का जायजा लिया इस दौरान एक दूध विक्रेता दुकान पर ही शटर खोलकर दूध विक्रय कर रहा था जिससे 1000 रुपए जुर्माना लिया गया और समझाइश दी गई कि दुकान खोलकर दूध का विक्रय न करें बल्कि दुकान के सामने फिजिकल डिस्टेंस एवं अन्य नियमों का पालन करते हुए अनुमति प्रदान की गई है। मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोगों पर लगाया जुर्माना मार्निंग वॉक पर निकले लोगों से जुर्माना वसूल किया गया और जोन आयुक्त और एआरओ की टीम ने लाक डाउन में घर पर रहने की समझाइश देकर उन्हें वापस भेज दिया। निरीक्षण के दौरान 11 लोगों के खिलाफ मास्क नहीं लगाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जोन- 1 आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने 2 लोगों से 1500, जोन-2 आयुक्त पूजा पिल्ले की टीम ने 7 लोगों से 2800 जुर्माना वसूला। जोन-3 की आयुक्त प्रीति सिंह की टीम ने बिना मास्क के मार्निंग वाक पर निकले तीन लोगों से 200-200 की दर से 600 रुपए जुर्माना वसूला। जोन- 5 आयुक्त महेन्द्र पाठक की टीम ने टाउनशिप में एक व्यक्ति के खिलाफ 200 रुपए जुर्माना लगाया।